दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 30 जून 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-268

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अफगानिस्तान में सरकार समर्थक 24 लड़ाके मारे गए

**काबुल।** अमेरिका और तालिबान के प्रतिनिधियों की कतर की राजधानी दोहा में सातवें चरण की बैठक शुरु होने से पहले शनिवार को आतंकवादियों ने अफगानिस्तान में बागलान प्रांत के नाहरीन जिले में बड़ा हमला किया जिसमें सरकार समर्थक कम से कम 24 लड़ाके मारे गए तथा नौ अन्य घायल हो गए। जिला गवर्नर फजलुदीन मुरादी ने यह जानकारी दी। मुरादी ने हालांकि घटना की विस्तृत जानकारी नहीं दी लेकिन कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हाल के महीनों में सेना, सुरक्षा बलों तथा पुलिस के जवानों पर हमले तेज करने वाले आतंकवादी संगठन तालिबान ने भी अभीतक इस हमले को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं व्यक्त की है।

### सड़क दुर्घटना में पुलिस अधिकारी की मौत

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले में एक सड़क दुर्घटना में एक जूनियर पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए कहा कि राज्य पुलिस में सब-इंस्पेक्टर पद पर तैनात विक्रम सिंह की शुक्रवार देर रात उस समय मौत हो गई, जब उनकी कार डोडा-भद्रवाह सड़क पर अनियंत्रित होकर गलगंधर में खाई में जा गिरी। पुलिस ने कहा, यह हादसा तब हुआ जब सब-इंस्पेक्टर भद्रवाह से किश्तवाड़ की ओर जा रहे थे, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सड़क हादसे में परिवार के 3 लोगों की मौत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक पानी के टैंकर से हुई एक वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात को जब यह दुर्घटना हुई तब यह परिवार उसी रास्ते से नैनीताल जा रहा था। पुलिस को रात करीब 12 बजे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे की जानकारी मिली। एक टीम मौके पर पहुंची और वहां जाकर पाया कि टैंपो ट्रेवलर पानी के टैंकर से टकरा गया था। उन्होंने कहा कि सात लोगों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां तीन पीड़ितों को मृत घोषित कर दिया गया।

### पीएम आवास की नहीं बढ़ेगी राशि

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को डेढ लाख रुपये दिये जा रहे हैं और इस राशि को बढाने का सरकार का कोई प्रस्ताव नहीं है। ग्रामीण विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस योजना के तहत 2022 तक दो करोड़ 95 लाख आवास का निर्माण किया जाना है । इनमें से करीब एक करोड़ मकान बना लिये गये हैं और 2022 तक एक करोड़ 95 लाख बनाये जायेंगे । मकान निर्माण के लिए एक लाख 20 हजार रुपये , शौचालय निर्माण के लिए 12000 रुपये तथा तजदूरी के लिए 18000 रुपये दिये जाते हैं। आवास का निर्माण 25 वर्ग मीटर में किया जाता है जिसमें रसोईघर और शौचालय भी होता है ।

### अमेरिका में नव-नाजीवादी को आजीवन कारावास की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक कार्यकर्ता की हत्या के दोषी नव-नाजीवादी को शुक्रवार को बिना पेरोल की संभावना के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। जेम्स एलेक्स फील्ड्स जूनियर (22) ने 12 अगस्त 2017 को वर्जीनिया के कार्लोटेसविल ने एक श्वेत वर्चस्ववादी रैली के दौरान अपनी कार प्रदर्शनकारियों के बीच घुसा दी थी, जिसमें 32 वर्षीय व्यक्ति हीथर हेयर की मौत हो गई थी और 29 लोग घायल हो गए थे। जेम्स को 29 घृणा अपराधों के लिये मार्च में दोषी ठहराया गया था, जिसमें मौत की संभावना को समाप्त कर दिया गया था। अमेरिका के अटॉर्नी थॉमस कुलेन ने कहा, अमेरिका के जिला न्यायाधीश ने आज दोपहर तय किया कि घरेलू आतंकवाद के इस कृत्य के परिणामस्वरूप, 29 घृणित अपराधों में दोषी फील्ड्स को संघीय जेल में अपना जीवन बिताना होगा।

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम स्कॉट मॉरिसन ने प्रधानमंत्री संग ली सेल्फी

### ट्वीट कर कहा- कितना अच्छा है मोदी



**ओसाका।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान के ओसाका में जी 20 शिखर सम्मेलन से इतर कई देशों के राष्ट्र प्रमुखों से मुलाकात का सिलसिला जारी है और इसी तरह के एक मौके को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने बेहद खास बनाते हुए 'एलान' कर दिया कि भारतीय प्रधानमंत्री बहुत अच्छे हैं। शुक्रवार को उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ ट्विटर पर एक फोटो भी शेयर की।

वहीं, समिट के तीसरे सेशन के दौरान मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प के बीच कुछ पल की अनौपचारिक मुलाकात हुई। मोदी ने ट्रम्प को चीयरअप किया। मॉरिसन के दूसरे ट्वीट में वे अन्य राष्ट्रों के नेताओं के साथ नजर आए। उन्होंने लिखा-समिट का पहला दिन बहुत ही फायदेमंद रहा। कई मामलों पर कई नेताओं से बातचीत हुई। इसमें सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने वाले आतंकी कंटेंट पर लगाम लगाने के साथ बेहतर व्यापार प्रक्रिया पर भी बात हुई।

**समिट के दूसरे दिन द्विपक्षीय सहयोग पर जोर** – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इंडोनेशिया और ब्राजील के राष्ट्रपतियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति जोको विदोदो और मोदी के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। इसमें व्यापार और निवेश के साथ सुरक्षा का मुद्दा भी शामिल था। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर दी। मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के बीच भी मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने जलवायु परिवर्तन, व्यापार, निवेश, द्विपक्षीय रिश्ते और सहयोग पर बात की। मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की बेटी और व्हाइट हाउस की एडवाइजर इवांका से भी मिले।

**जी-20 में शिरकत करने वाले देश-** समिट में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इंडिया, साउथ अफ्रीका, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, तुर्की, यूके, यूनाइटेड स्टेट्स और यूरोपियन यूनियन शामिल हैं।

**दो-तिहाई आबादी जी-20 में शामिल** – जी-20 दुनिया के उन देशों का समूह है जिनकी अर्थव्यवस्था बड़ी तेजी से बदल रही है। इस समूह में शामिल देशों की जीडीपी दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी का हिस्सा है। जनसंख्या का दो-तिहाई हिस्सा इन्हीं देशों के पास है।

**स्पेन को भी मिलता है आमंत्रण-** स्पेन इस समिट का हिस्सा नहीं हैं मगर उसे हर बार इसमें शामिल होने के लिए बुलवाया जाता है। हालांकि इस समूह का कोई स्थापित स्टाफ नहीं है।

## जी20 नेताओं ने किया महिला शक्तिकरण का समर्थन



**ओसाका (जापान)।** जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान मेजबान देश जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे सहित सभी सदस्य देशों के नेताओं ने वित्तीय एवं अन्य आर्थिक क्षेत्रों में पुरूषों अैर महिलाओं के बीच की असमानता को कम करने और महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी और सलाहकार इवांका ट्रंप ने शनिवार को कहा कि यदि महिलाओं को आर्थिक समानता मिल जाए तो 2025 तक दुनिया की अर्थव्यवस्था बढ़ कर 28 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगी। वह ओसाका में जी20 सम्मेलन के दौरान इस मुद्दे पर आयोजित विशेष सत्र में बोल रही थी। उन्होंने महिलाओं के दर्जे में सुधार करने को बेतहर आर्थिक और रक्षा नीति बताया। नीदरलैंड की महरानी और समेकित आर्थिक विकास पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत मैक्सिमा ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस अंतर को कम करना आवश्यक है।

## दिल्ली में हिकविजन कंपनी के सीसीटीवी कैमरे लगाएगी केजरीवाल सरकार!



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की केजरीवाल सरकार चीन सरकार की बदनाम कंपनी हिकविजन के सीसीटीवी कैमरे दिल्ली में लगाने जा रही है। इस कंपनी को बड़े-बड़े देशों अमेरिका और ब्रिटेन ने बैन किया है। पिछले दिनों इन्हीं सीसीटीवी लगाने के विरोध में कांग्रेस ने रविवार को मार्च निकाला था। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में 1.5 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने का ठेका सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को दिया गया है। तो अब सवाल ये है कि दिल्ली में अगर हिकविजन कंपनी के कैमरे लगते हैं उसका चीन की सरकार, चीन की आर्मी से संबंध क्या है? चीन की सरकार जिस हिकविजन कंपनी की मालिक है उसी चीन सरकार वाली कंपनी के सीसीटीवी कैमरे दिल्ली में लगाए जाने हैं।

हिकविजन की 2018 की सालाना रिपोर्ट के पन्ने खंगाले गए तो पाया कि कंपनी में कंट्रोलिंग शेयर होल्डर यानी असली मालिक चीन की सरकार ही है। तो क्या इसका मतलब ये है कि चीन की सरकार से जुड़ी कंपनी का सीसीटीवी कैमरा दिल्ली में लगने से देश की राजधानी पर एक खतरा हो सकता है? इसके बारे में साइबर एक्सपर्ट आदित्य जैन ने कहा कि चीन के कैमरे भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।

## दीवार ढहने से 4 बच्चों समेत 15 लोगों की मौत, कई घायल



**पुणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पुणे में देर रात एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां भारी बारिश से एक सोसायटी की दीवार गिरने से 4 बच्चों समेत 15 लोगों की मौत हुई जबकि और तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा शहर के कोडवा इलाके में हुआ है। पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के अधिकारियों ने कहा कि शनिवार तड़के यह घटना उस समय हुई जब सभी लोग अपनी-अपनी झोपड़ियों में सो रहे थे।

बचाव दल की टीम ने मौके पर पहुंचकर 2 नाबालिगों समेत 3 लोगों को बचा लिया। मलवे में फंसे अन्य लोगों को निकालने के लिए बचाव कार्य जारी है। मौके पर एनडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है।

जानकारी के अनुसार भारी बारिश के चलते यह दर्दनाक हादसा हुआ। 60 फुट लंबे चौड़े कंपाउंड की दीवार बगल में झुग्गियों पर गिर गई जिसमें सोए कई लोग दब गए। दमकल विभाग के मुताबिक मरने वालों में 4 बच्चे भी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल दो लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस घटना के बाद शुरुआती जांच में कंस्ट्रक्शन कंपनी की गड़बड़ी सामने आ रही है। 15 लोगों की मौत छोटी घटना नहीं है। मृतकों में ज्यादातर बिहार और बंगाल के लोग हैं। पीड़ितों की हरसंभव सहायता की जा रही है।

शुक्रवार से मुंबई और पुणे से सटे इलाकों में भारी बारिश हो रही है। इसके कारण जमीन दरकने की भी खबरें आ रही हैं। मुंबई में बारिश के कारण करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई इलाकों में पेड़ गिरने से लोग घायल हो गए। एक ऐसी ही खबर मुंबई के चेंबूर से आई जहां ऑटो रिक्शा पर एक दीवार गिर गई। घटना 2 बजे रात की है। मलबा हटा लिया गया है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## मोदी ने इंडोनेशिया और ब्राजील के राष्ट्रपतियों के साथ की अलग-अलग बैठक




**ओसाका (जापान)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर यहां इंडोनेशिया और ब्राजील के राष्ट्रपतियों से अलग-अलग बैठक की और द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने, व्यापार तथा निवेश में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने व्यापार तथा निवेश, रक्षा एवं समुद्री मोर्चो पर द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जी-20 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन मोदी की यह पहली आधिकारिक बैठक थी। यह दो दिवसीय सम्मेलन 29 जून को समाप्त होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, '' जी-20 शिखर सम्मेलन में दूसरे दिन की शुरुआत एक मूल्यवान मित्र से मुलाकात के साथ। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ भारत-इंडोनेशिया सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, ''व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के साथ एक फलदायी बैठक की। व्यापार, निवेश, रक्षा, समुद्र, अंतरिक्ष और हिंद-प्रशांत पर सहयोग के विस्तार पर चर्चा की। '' इसके तुरंत बाद ही मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो से मुलाकात की। कुमार ने ट्वीट किया, ''करीबी एवं बहुमुखी कूटनीतिक साझेदारी को मजबूत करते हुए। प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो ने द्विपक्षीय संबंधों, जलवायु परिवर्तन, व्यापार, निवेश, कृषि और जैव-ईंधन में विशेष सहयोग को लेकर व्यापक चर्चा की।'' प्रधानमंत्री आज तुर्की और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। मोदी ने शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित कई नेताओं से मुलाकात की थी।

## दो नाबालिगों ने दोस्त का गला घोंट कर दी हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है. अब आनंद विहार इलाके में एक युवक की हत्या कर दी गई है. मामले में पुलिस ने दो नाबालिग युवकों को हिरासत में लिया है. बताया जा रहा है कि तीनों दोस्त थे. पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नितिन के तौर पर हुई है. वारदात 27 जून की है. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि नितिन के पास दस हजार रुपये थे जो चोरी हो गए थे. नितिन को दोनों पर शक था और इसी के चलते इनका आपस में झगड़ा हो गया. दोनों नाबालिगों ने मिलकर नितिन की गला दबाकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि नितिन इलाके का घोषित अपराधी है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दोनों से पूछताछ की जा रही है. गौरतलब है कि पिछले दस दिनों के अंदर दिल्ली में हत्या की दस वारदातें हो चुकी हैं.

## कांग्रेस आरटीआई सेल प्रमुख विवेक तन्खा ने दिया इस्तीफा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के कानून व आरटीआई सेल के चेयरमैन विवेक तन्खा ने इस्तीफा दे दिया। यह कहते हुए कि पार्टी बहुत लंबे समय तक गतिरोध नहीं सह सकती है, उन्होंने पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी से आग्रह किया है कि वे कांग्रेस को एक जुझारू ताकत के रूप में पुनर्जीवित करें। तन्खा ने शुक्रवार को कई ट्वीट किए। उन्होंने कहा, हम सभी को पार्टी के पदों से अपने-अपने इस्तीफे दे देने चाहिए और राहुल जी को उनकी टीम का चयन करने का अधिकार देना चाहिए।

उन्होंने कहा, मैंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) विभाग के कानून, आरटीआई और एचआर अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी ज्यादा समय तक गतिरोध नहीं सह सकती है। उन्होंने कहा, राहुल जी, कृपया कर पार्टी को जुझारू ताकत के रूप में पुनर्जीवित करने के लिए बड़े बदलाव करें। आपके पास प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प, दोनों चीजें मौजूद हैं। बस एक अच्छी, स्वीकार्य और प्रभावशाली देशव्यापी टीम की तलाश करें। मैं सभी स्थितियों में आपके साथ हूं।

## मोदी सरकार ने दिया देश को 5 सैनिक स्कूल का तोहफा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश की सेना को अच्छे और काबिल अफसर मिलें. देश के नौजवानों में बचपन से ही सेना में भी जाने का जज्बा पैदा हो. पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में बच्चे सेना के बारे में जानें और उसे नजदीक से देखें. इसी को ज़मीनी रूप देने के लिए मोदी सरकार ने देश को पांच नए सैनिक स्कूल का तोहफा दिया है. ज़मीन और दूसरी जरूरतों के लिए इस मामले में राज्य सरकारों से भी लिखित में समझौता हो चुका है. अब जल्द सैनिक स्कूल की स्थापना का काम शुरु हो जाने की उम्मीद है. लोकसभा में सैनिक स्कूल के बारे में जानकारी देते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, देश में इस वक्त 5 मिलिट्री स्कूल चैल हिमाचल प्रदेश, अजमेर-धौलपुर राजस्थान और बेलगांव-बेंगलोर कर्नाटक में चल रहे हैं. वहीं देश के 24 राज्यों में 31 सैनिक स्कूल पहले से ही संचालित किए जा रहे हैं.

जिसमे से राजस्थान में चितौड़गढ़-झुनझुन में और यूपी के मैनपुरी और झांसी में दो-दो स्कूल चलाए जा रहे हैं. यूपी-राजस्थान की जरूरत को देखते हुए अब अमेठी, यूपी और अलवर राजस्थान में जल्द ही एक-एक स्कूल और खोल दिया जाएगा. वहीं उत्तराखण्ड के रूद्रप्रयाग, संभलपुर, ओडिशा और तेलंगाना के वारंगल में भी एक-एक सैनिक स्कूल खोला जाएगा.

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में सैनिक स्कूलों की कामयाबी पर बात करते हुए बताया, नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में हर साल बड़ी संख्या में सैनिक स्कूल के बच्चे भी जा रहे हैं. अच्छी बात यह है कि एनडीए में जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़ रही हैं.

## अब सरकारी बैठकों में चाय-बिस्किट की जगह दिया जाएगा लाई-चना

**» स्वास्थ्य मंत्रालय का फैसला**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सरकारी बैठकों में अब अधिकारी चाय और बिस्किट की जगह लाई-चना, अखरोट और खजूर खाएंगे. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने यहां होने वाली बैठकों में चाय और बिस्किट से परहेज करने का फैसला लिया है. मंत्रालय ने अपने सभी विभागों को एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि बैठकों के दौरान कुकीज, बिस्किट और अन्य फास्ट फूड न परोसें. सरकारी कार्यालयों में स्नैक्स की जगह भुना हुआ चना, खजूर, बादाम और अखरोट जैसे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने वाले खाने के विकल्प तलाशने को कहा है.

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन की पहल पर मंत्रालय ने इस संबंध में एक सर्कुलर जारी कर कहा है कि प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीना भी नुकसानदेह है. निकट भविष्य में इसका प्रयोग भी बंद किया जाएगा. बताया गया है कि प्लास्टिक के कचरे से कितना प्रदूषण होता है इसके बारे में सभी जानते हैं. ऐसे में इससे जितनी जल्दी छुटकारा पा लिया जाए वह बेहतर होगा.

स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि फिलहाल यह आदेश स्वास्थ्य मंत्रालय के विभागों और संस्थानों में लागू होगा. यह लोगों के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर एक कदम है.

## कांग्रेस की करारी हार के बाद दिल्ली और तेलंगाना प्रदेश कमेटी भंग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस में उथल-पुथल का दौर जारी है। कांग्रेस ने हाल ही में कर्नाटक और यूपी में सभी जिला कमेटी को भंग कर दिया है। इसी कड़ी में कांग्रेस ने आज दिल्ली और तेलंगाना प्रदेश कमेटी भी भंग कर दी है। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख शीला दीक्षित ने आज कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी की हार पर चर्चा की।

एक घंटा से ज्यादा समय तक चली इस बैठक के बाद दिल्ली कांग्रेस ने बड़ा फैसला करते हुए ब्लॉक कांग्रेस भंग कर दी है। दिल्ली में 280 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी पर भी चर्चा की। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस दिल्ली की सभी सातों सीटों पर भाजपा से हार गई थी। कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी में 1998 से 2013 तक शासन किया, लेकिन इसके बाद से वह हर प्रमुख चुनाव हार गई।